हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव



आस्था का सैलाब...शरद पूर्णिमा की रात जड़ी-बूटी युक्त खीर लेने जुटे हजारों श्रद्धालु, दूसरे राज्यों से भी पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शरद पूर्णिमा के अवसर पर मां पाताल भैरवी मंदिर स्थित ब फ र्ा नी धाम में आस्था और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। बर्फानी सेवाश्रम समिति की ओर से हर साल की तरह इस बार भी जड़ी-बूटी युक्त खीर का वितरण किया गया। श्वांस, दमा और वात जैसी बीमारियों से राहत मिलने की मान्यता के चलते इस खीर को ग्रहण करने के लिए छत्तीसगढ़ सहित देश के कई राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे। मां पाताल भैरवी मंदिर में शरद पूर्णिमा पर औषधीय जड़ी-बूटियों से तैयार खीर बांटने की परंपरा करीब तीन दशक पुरानी है। मंदिर समिति द्वारा हर साल इस आयोजन के माध्यम से हजारों लोगों को खीर वितरित की जाती है। समिति के अनुसार इस बार भी करीब 20 से 30 हजार श्रद्धालुओं तक खीर पहुंचाने की व्यवस्था की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों से खीर में अमृत तत्व आने की मान्यता है। इसी विश्वास के साथ कई स्थानों पर इस रात खीर तैयार कर उसका सेवन किया जाता है। बर्फानी धाम में इस परंपरा को जड़ी-बूटियों के साथ जोड़कर निभाया जाता है। समिति से जुड़े लोगों का कहना है कि इस खीर के सेवन से श्वांस और दमा जैसी समस्याओं में राहत मिलने की उम्मीद लेकर लोग यहां आते हैं।

लोगों की आस्था

इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, बिहार और पंजाब सहित कई राज्यों से लोग शामिल होते हैं। कुछ श्रद्धालु हर साल यहां खीर लेने पहुंचते हैं। उनका कहना है कि वे इस परंपरा से लंबे समय से जुड़े हुए हैं और उन्हें इससे लाभ महसूस हुआ है। यही वजह है कि हर साल इस आयोजन के प्रति लोगों की आस्था और भागीदारी बनी रहती है।

लोक कला मंच नाचा ने बांधा समां

लोक कलाकारों को प्रेरित करने की दृष्टिकोण से इस वर्ष भी कर्मा, ददरिया, सुआ, पंथी के साथ ही हास्य व्यंग्य के प्रहसन प्रस्तुत करने वाली छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोककला मंच वनांचल क्षेत्र चौकी की नाचा गम्मत मंडली ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर रातभर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते रहे।

रात से ही जुटने लगे श्रद्धालु

खीर वितरण को लेकर मंदिर परिसर में देर शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। रातभर मंदिर परिसर में लोगों की आवाजाही बनी रही। खीर प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। निर्धारित समय के अनुसार तड़के करीब 4 बजे से सुबह 6 बजे तक खीर वितरण किया गया।

निगम आयुक्त ने कराई सफाई : निगम आयुक्त जीआर मरकाम अलसुबह ही अपनी टीम व सफाई कर्मचारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल बर्फानी आश्रम पहुंच गए और पूरे परिसर को स्वयं की देखरेख में सफाई करवाने के साथ कचरे को एकत्रित कर उठवाया।



कल से बारिश के आसर

राजनांदगांव। अर्नब तूफान के चलते अंचल में भी कल से बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल से अगले तीन दिन के दौरान अंचल में मध्यम से भारी बारिश देखने को मिल सकती है।

महापौर मधुसूदन यादव से मिले व्यापारी

मटन-मछली पसरा को हटाने की मांग का विरोध, विक्रेता हुए एकजुट, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गौरीनगर क्षेत्र से सामने आए गौ-हत्या और गौ-मांस बिक्री के मामले के बाद जगह-जगह मटन, चिकन और बिरयानी की दुकानों के खिलाफ जन आक्रोश देखा गया। इसी बीच शहर के गोल बाजार में लगभग 125 वर्ष से संचालित मछली मार्केट को हटाने कवायद शुरू हो गई है। जिसको लेकर यहां के विक्रेताओं ने महापौर के नाम ज्ञापन सौंपकर मछली, मटन मार्केट नहीं हटाने मांग की है।

अपने ज्ञापन के माध्यम से चिकन, मटन और मछली विक्रेताओं ने निंदा करते कहा कि विगत दिनों कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गौरीनगर में गौ-वंश की हत्या की। जिसके कारण पूरे शहर का माहौल अशांत हुआ है। विक्रेताओं ने कहा कि यहां से लगभग 150 परिवारों की रोजी-रोटी चलती है। कुछ लोग हमारे आजीविका के संसाधन को खत्म करना चाहते हैं।



हटवाने के लिए अभियान

उल्लेखनीय है कि गौरी नगर में गौ-हत्या का मामला सामने आने के बाद से ही शहर में मांस-मटन के खुलेआम बिक्री के खिलाफ वातावरण निर्मित हो गया है। गोलबाजार के मछली मार्केट को हटाने के लिए कई संगठनों द्वारा मिलकर ज्ञापन भी सौंपा जा चूकां है। इसके अलावा स्थानीय विधायक डॉ रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए पत्र जारी किए है। जिसके बाद ही मांस-मटन के व्यापारी अब सामने आए है।

सौ साल से व्यवस्था

गोलबाजार के मछली मार्केट में वर्षों से व्यवसाय कर रहे लोगों का कहना है कि उनकी कई पीढ़ियां यहां कार्य करती आ रही है। रियासतकालीन दौर से जो व्यवस्था बनी है, उसके अनुसार ही यहां सभी आपसी भाईचारे से मिल जुलकर अपना व्यापार शांतिपूर्वक करते आ रहे हैं, यहां कभी भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।

हिन्दू और मुस्लिम विक्रेताओं की दुकान

अपने ज्ञापन के माध्यम से गोल बाजार के मटन, चिकन, मछली विक्रेताओं ने कहा कि इस स्थल पर सभी धर्मों के लोग व्यापार करते हैं, जहां मुस्लिम, हिन्दू मटन-चिकन विक्रेताओं के अलावा बड़ी संख्या में ढीमर समाज के लोग मछली बेचने का व्यवसाय करते हैं। शहर के बीच से मार्केट हटा तो मांसाहार करने वालों को दिक्कत के साथ ही व्यापरियों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा।





खबर संक्षेप

टीन शेड का भूमिपूजन

कलकसा। ग्राम पंचायत भैंसरा के बूढ़ादेव मंदिर के सामने टीन शेड का भूमिपूजन विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। मंदिर परिसर में टीन शेड की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसके निर्माण से धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। विधायक श्रीमती बघेल ग्राम में आयोजित मां सरस्वती की मूर्ति विसर्जन में भी शामिल हुईं। इस दौरान पंचराम चंदेल, सुरेश सिन्हा, उतरा उइके, जितेन्द्र बंजारे, कुंभलाल, तिलक कतलम सहित अन्य उपस्थित रहे।



सुनील सोनी नाइट्स का आयोजन



चिचोला। युवा एकता मंच की नेतृत्व में गत दिनों सुनील सोनी नाइट्स का आयोजन किया गया। श्री सोनी ने अपने गीतों और स्वरों के जादू से रातभर लोगों का मनोरंजन किया। पहली बार हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। भीड़ को संभाले रखने में चिचोला चौकी पुलिस की कार्यशैली प्रशंसनीय रही। अतिथि विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, श्री अरोरा, खिलेन्द्र डडसेना, चुम्मन साहू, खिलेंद्र साहू, भावेश सिन्हा, विनोद मंडलोई थे।

राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम में दो बेटियां शामिल

मोहला। हायर सेकेंडरी स्कूल चिखली की दो छात्रा प्रियांशी मलगामे और सर्विया विश्वकर्मा ने सरगुजा में आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के आधार पर उनका राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है। अंडर-14 वर्ग में प्रियांशी मलगामे ने चार मैचों में 17 अंक बनाए। उनके प्रदर्शन के दम पर दुर्ग जिले की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-17 वर्ग में सर्विया विश्वकर्मा ने चार मैचों में 47 अंक अर्जित किए। वह प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक बनाने वाले खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर रहीं। सर्विया पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी है। इस उपलब्धि पर कोच श्री पटेल, प्राचार्य विनोद कश्यप एवं स्टाफ ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।



राज्य स्तरीय बैडमिंटन में आदित्य ने जीता गोल्ड

डोंगरगांव। सरगुजा में आयोजित 26 वें स्कूल स्टेट गेम्स में स्थानीय पीएम श्री सेजेस की कक्षा दसवीं के छात्र आदित्य पांडेय ने अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय सहित शहर का गौरव बढ़ाया है। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर आदित्य ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल के प्रति समर्पण का परिचय दिया। उनकी सफलता को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। आदित्य पांडेय के पिता सतीश पांडेय अधिवक्ता और पीएम श्री सेजेस की विकास समिति के अध्यक्ष हैं।



आचार्यों को आवर्ती प्रशिक्षण

एलबी नगर। सरस्वती शिशु मंदिर खुज्जी मे एक दिवसीय आवर्ती प्रशिक्षण का आयोजन 25अक्टूबर को किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती, प्रणव अक्षर ओम, भारतमाता के चित्र के समक्ष जिला समन्वयक पूनमचंद साहू, संकुल प्रमुख डामन जोशी, प्रधानाचार्य धनीराम यादव, यादवराम देवांगन ने दीप प्रज्वलित किया। इस प्रशिक्षण मे 7 विद्यालय के 43 आचार्य दीदी सम्मिलित हुए। जिला समन्वयक श्री साहू ने शैक्षणिक मूल्यांकन एवं संकुल प्रमुख श्री जोशी ने गणित, अंग्रेजी की सामान्य जानकारी दी।



खुले सेप्टिक टैंक में गिरी गाय, सुरक्षित निकाला

डोंगरगढ़। अछोली के नया पारा वार्ड में सेप्टिक टैंक को खुला छोड़ने से रविवार को एक गाय गिर गई। घटना की जानकारी मिलते ही वार्डवासियों ने मौके पर पहुंचकर गाय को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों के अनुसार इससे पहले भी इस गड्ढे में कई गायें गिर चुकी हैं। बार-बार घटना होने के बाद भी गड्ढे को नहीं पाटे जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एक मकान में सेप्टिक टैंक निर्माण के लिए गड्ढा खुदवाया गया है, लेकिन लंबे समय से न तो टैंक का निर्माण कराया गया और न ही गड्ढे को ढका गया है। खुला गड्ढा बच्चों, मवेशियों के लिए खतरा बना हुआ है। वार्डवासियों ने ग्राम पंचायत और प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए खुले गड्ढे को तत्काल पटवाने की मांग की है।



कराते में तीन बच्चे दिखाएंगे दम

डोंगरगांव। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सीजी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 31 अक्टूबर तक सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 4 भिलाई में होगा। कराते 14 वर्ष वर्ग में सीजी पब्लिक स्कूल की कक्षा 8वीं के छात्र अंकित सिन्हा और सातवीं के छात्र डेविड सहारे का चयन हुआ है। इसी प्रकार कराते बालिका 17 वर्ष वर्ग में कक्षा 9वीं की सादगी मालेकर का संभागीय दल में चयन हुआ है। इसी क्रम में कक्षा 12वीं के छात्र वैभव कुमार साहू का चयन 26वीं राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता सरगुजा के लिए हुआ है। छात्रों को इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य एजाज अली हाशमी, रियाज अली हाशमी, क्रीड़ा प्रभारी पीआर ठाकुर, प्रणव सारस्वत, सुकालसिंह साहू, प्रकाश यादव, सबा हाशमी, कुमेश साहू, अनिल साहू, खिलेंद्र कोर्राम, प्रकाश साहू, शर्मिला कुंवर, सुषमा सोनी, माधुरी कसेर, विनीता पटेल, ललिता भारती, अंजली गुप्ता, अर्चना बैस, सुलोचनी गुरु, पूजा अहीर, पार्वती साहू ने बधाई दी है।



प्रशासनिक क्षमता पर लगातार उठ रहे सवाल

ले आउट के फेर में पांच माह से अटका हाट बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से बनने वाले हाट बाजार का निर्माण टेंडर के पांच महीने बाद भी शुरू नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार गत 15 मई को पांच विभिन्न कार्यों के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे।

इसमें हाट बाजार निर्माण 147.98 लाख, मांगलिक भवन 49.43 लाख, मुक्तिधाम विकास 36.42 लाख, सीसी रोड 10 लाख और एमआरएफ सेंटर में मशीन स्थापना 41.45 लाख शामिल थे। टेंडर प्रक्रिया के बाद 19 अगस्त को संबंधित ठेकेदार के साथ 9 महीने की समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने का अनुबंध किया गया। इसके बाद 27 अगस्त को वर्क ऑर्डर जारी कर एक सप्ताह के भीतर स्थल खाली करवाकर ले-आउट देने का प्रावधान तय किया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा में यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई।



उलझा प्रशासन

कार्यादेश जारी होने के लगभग दो महीने बाद 22 अक्टूबर को नया पत्र जारी कर तीन दिनों के भीतर ले-आउट देने का निर्देश दिया गया। सूत्रों के अनुसार, 26 अक्टूबर को ले-आउट दिया जाना था, किंतु यह प्रक्रिया एक बार फिर पूरी नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार पूर्व में सभी पार्षदों, एंडरमेन सहित अन्य को सोमवार को लेआऊट दिए जाने की सूचना दी गई थी। जानकारी के अनुसार ठेकेदार के उपस्थित नहीं होने का हवाला देकर प्रक्रिया को रोक दिया गया। बताया जाता है कि इस प्रक्रिया के निरस्त होने की जानकारी किसी भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि को नहीं दी गई।

आचार्यश्री के चरणों का 108 कलशों से अभिषेक

डोंगरगढ़। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्य श्री समयसागर महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से चंद्रगिरी में मनाया गया। आचार्यश्री की शिष्या 105 श्री शैलमति माता, अदुरमति माता के सानिध्य में आचार्य द्वय का जन्म महोत्सव के तहत प्रातः अभिषेक, पूजन, आरती, आचार्य श्री के चरणों का 108 कलशों से अभिषेक किया गया। आचार्य श्री विद्यासागर विधान किया गया। शाम को भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें सोनल जैन ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, जयकुमार जैन, सुरेश चंद जैन, निर्मल जैन, महेंद्र जैन, सुभाषचंद जैन, सिंघई किशोर जैन, सप्रेम जैन, सोपान जैन, अमित जैन, दीपेश जैन, शैलेश जैन, आलोक जैन, निशांत जैन आदि उपस्थित थे।





अवतरण दिवस पर खीर-पूरी का वितरण

डोंगरगांव। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर जी महाराज एवं वर्तमान आचार्य समय सागर जी महाराज के अवतरण दिवस को दिगम्बर जैन समाज ने भक्तिभाव के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर के कीर्ति स्तंभ के समीप खीर-पूरी वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि दिगम्बर जैन समाज द्वारा सेवा का यह आयोजन दो वर्षों से किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने भी पंडाल पहुंचकर आचार्यों को नमन किया। उन्होंने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और समाज के युवाओं का उत्साहवर्धन किया।



महिलाओं ने सीखा टूटी-फ्रूटी बनाना

प्रशिक्षण से खुलेगा आत्मनिर्भर बनने का रास्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, छुईखदान के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीण कृषि कार्यानुभव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बीरुटोला में महिला स्व-सहायता समूह को कच्चे पपीते से टूटी-फ्रूटी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन की तकनीकों से अवगत कराकर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा आय में वृद्धि की संभावनाएँ विकसित करना था। विद्यार्थियों ने बताया कि पपीता ग्रामीण क्षेत्रों में घरों एवं बाड़ियों में आसानी से उपलब्ध होने वाला फल है। इससे टूटी-फ्रूटी जैसे मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार कर स्थानीय बाजार में विक्रय करने से अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है। इस प्रकार की तकनीकें महिलाओं को लघु उद्यम स्थापित करने तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में सहायक हो सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने कच्चे पपीते से टूटी-फ्रूटी बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया को चरणबद्ध ढंग से समझाया। साथ ही, पपीते से अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार करने की जानकारी भी दी गई। महिलाओं ने स्वयं निर्माण प्रक्रिया में भाग लेकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया तथा तैयार उत्पाद का स्वाद चखा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे ग्राम बिरुटोला के कुल 36 महिलाओ ने भाग लेकर विस्तार से जानकारी प्राप्त किये।

यह प्रशिक्षण महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं निर्देशन में रावे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार नंदनवार, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ओ.पी. सोनवानी, डॉ. सेवक ढेंगे, डॉ. अजित तथा श्री विक्रम खूंटे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

प्रयास विद्यालय में शनि एवं हाबिल का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए ग्राम के शनि शुक्ला पिता दिलीप शुक्ला एवं हाबिल चौहान पिता दीपक चौहान का चयन हुआ है। शनि शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहा है। इस उपलब्धि ने उसके पिता दिलीप शुक्ला, माता ऊषा शुक्ला, दादा राम अवतार शुक्ला, भाई हिमांशु शुक्ला एवं रोहित शुक्ला आदि काफी उत्साहित हैं। विद्यार्थियों की सफलता में उनके शिक्षक राम श्याम पटेल, तरुण यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



मछली मार्केट के सार्वजनिक मूत्रालय में सीढ़ी नहीं

गंडई पंडरिया। मछली मार्केट के पास स्थित सार्वजनिक मूत्रालय बदहाल स्थिति में है। इस व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों व्यापारी और बाजार आने वाले इस मूत्रालय का उपयोग करते है, लेकिन यहां की लचर व्यवस्था के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सार्वजनिक मूत्रालय दो खंडों में बना है। एक हिस्से में पीपल का पेड़ उग गया है। उचित रखरखाव और सफाई के अभाव में उस खंड का उपयोग लोगों ने बंद कर दिया है। इस मूत्रालय की सबसे बड़ी समस्या इसकी ऊंचाई है। इसके सड़क तल से ऊँचाई पर होने के बाद भी पक्की सीढ़ी नहीं है। मूत्रालय के पास बनी नाली के ऊपर एक पत्थर रख दिया गया है, जिसके सहारे लोग चढ़ते और उतरते हैं। इस अस्थायी व्यवस्था के कारण फिसलकर गिरने और चोटिल होने का डर बना रहता है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से इस जनसमस्या को गंभीरता से लेकर सीढ़ियों का निर्माण कराने की मांग की है।



एक नवंबर की महारैली में जुटेगी कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के प्रभारी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सोमवार को राजनांदगांव में भाजपा और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के दौरान मतदाता सूची से नाम काटे जाने की शिकायतों का मुद्दा उठाते इसे लोकतंत्र और मताधिकार की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय बताया। श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाती रहेगी।

सोमवार को प्रभारी राजेश ठाकुर के राजनांदगांव पहुंचने पर कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। सबसे पहले रायपुर नाका स्थित प्रेस क्लब भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में उन्होंने एक नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली 'वोट बचाओ–देश बचाओ' महारैली की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का मुद्दा केवल मतदाता सूची के पुनरीक्षण तक सीमित नहीं है। चुनाव के दौरान मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा जवाबदेही जरूरी है।

कांग्रेस का आरोप है कि मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों से लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

पूरी प्रक्रिया को सार्वजनिक करने की मांग

श्री ठाकुर ने राहुल गांधी की ओर से चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर उठाए गए सवालों का उल्लेख करते कहा कि कांग्रेस लंबे समय से मतदाता सूची में गड़बड़ियों का मुद्दा उठा रही है। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने 7 फरवरी 2025 को महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच मतदाताओं की संख्या में हुई वृद्धि पर सवाल उठाए थे। ठाकुर के अनुसार महाराष्ट्र में कुछ महीनों के भीतर करीब 39 लाख मतदाता बढ़े। जबकि इससे पहले के पांच वर्षों में लगभग 32 लाख मतदाता बढ़े थे। ठाकुर ने कहा कि इन मामलों में पारदर्शी जांच और जवाबदेही जरूरी है। कांग्रेस की मांग है कि मतदाता सूची से नाम हटाने और जोड़ने की प्रक्रिया का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाए, ताकि पात्र मतदाताओं के अधिकार सुरक्षित रह सकें। पत्रकारवार्ता के बाद सतनाम भवन में शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक हुई। इसमें अभियान की गतिविधियों की समीक्षा की गई।



बैगा लोगों का किया गया आधार पंजीयन



छुईखदान। पीएम जनमन अंतर्गत गेरुखदान में विशेष आधार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के बैगा समुदाय के लोगों के नए आधार कार्ड बनाने के लिए पंजीयन किया गया। योजना का उद्देश्य पिछड़ी जनजाति समूह के परिवारों तक बुनियादी सुविधाओं और शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से आयोजित शिविर में ऐसे बैगा समुदाय के लोगों का आधार पंजीयन किया गया, जिनके आधार कार्ड अब तक नहीं बन पाए थे। स्थानीय स्तर पर शिविर आयोजित होने से ग्रामीणों को आधार पंजीयन के लिए दूरस्थ कार्यालयों तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी।



तीन साल से भुगतान नहीं, चड्डी-बनियान पहन कटोरा लेकर भीख मांगेंगे ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाले ठेकेदारों का भुगतान तीन साल से अटके होने का मामला अब आंदोलन तक पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ राज्य पीएचईडी कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अनुसार प्रदेशभर में 5 हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान बकाया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक पंजवानी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, विभागीय मंत्री और मुख्य सचिव तक पत्राचार के बावजूद भुगतान नहीं हुआ। पंजवानी के मुताबिक काम पूरा करने के बाद भी भुगतान नहीं मिलने से ठेकेदारों पर बैंक कर्ज बढ़ रहा है। बाजार के लेनदार तकादा कर रहे हैं और परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। भुगतान की मांग को लेकर ठेकेदार जल जीवन मिशन कार्यालय और विधानसभा का घेराव भी कर चुके हैं, लेकिन राहत नहीं मिलने का आरोप है।पंजवानी ने कहा कि ठेकेदार भी आम लोगों की तरह परिवार चलाते हैं। काम पूरा करने के बाद भुगतान नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। एसोसिएशन जनता से अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से सवाल करने की अपील करेगा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद भुगतान क्यों अटका है। एसोसिएशन का दावा है कि भुगतान संकट के चलते प्रदेश में जल जीवन मिशन के कई कार्य प्रभावित हैं। संगठन ने बकाया भुगतान जारी करने, नियमों का सरलीकरण करने और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

प्रदेश में 5 हजार करोड़ से अधिक का भुगतान बकाया होने का दावा

तीन साल से भुगतान नहीं

एसोसिएशन का आरोप है कि विभागीय नियमों और जांच प्रक्रिया के कारण भुगतान में लगातार देरी हो रही है। तीन साल पहले पूरे हो चुके कार्यों का भुगतान भी लंबित है। अंतिम भुगतान के प्रमाणन के लिए कलेक्टरों को अधिकृत करने और दूसरे तकनीकी विभागों के अधिकारियों से जांच कराने की व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए हैं। एसोसिएशन का दावा है कि मिशन की गाईड लाइन में अंतिम प्रमाणन के लिए कलेक्टरों को अधिकृत करने का स्पष्ट प्रावधान नहीं है। संगठन ने नियमों का सरलीकरण और भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की है।



रायपुर में होगा प्रदर्शन

लगातार भुगतान लंबित रहने के विरोध में एसोसिएशन ने रायपुर के अंबेडकर चौक और घड़ी चौक पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है। इसमें प्रदेशभर के ठेकेदार चड्डी-बनियान पहनकर हाथों में कटोरा लेकर विरोध जताएंगे। एसोसिएशन के मुताबिक प्रदर्शन के जरिये सरकार और विभाग को ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति से अवगत कराया जाएगा।

सार समाचार

3 को आकाशवाणी में प्रसारण



राजनांदगांव। साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू की छत्तीसगढ़ी वार्ता छत्तीसगढ़ी साहित्य के विकास यात्रा का प्रसारण 3 नवंबर को सुबह 8.30 बजे आकाशवाणी रायपुर के छत्तीसगढ़ी साहित्यिक समन्वित कार्यक्रम मोर भुइयां के अंतर्गत किया जाएगा। इस वार्ता को छत्तीसगढ़ के सभी आकाशवाणी केंद्र अनुप्रसारित करेंगे। कार्यक्रम के संपादक महेंद्र साहू है।

स्वर्णकार समाज ने मनाई अजमीढ़ जयंती

राजनांदगांव। शरद पूर्णिमा के पावन दिवस 25 अक्टूबर को मैढ़ छत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा सोनी भवन में हर्षोउल्लास के साथ अजमीढ़ जयंती मनाई गई। जिसमें साामाजिक बंधु शामिल हुए। संध्या के समय पूजा-आरती एवं तत्पश्चात भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया था। अन्न का कण और आनंद के क्षण दोनों की अमूल्यता को ध्यान में रखते थाली में जूठा ना छोड़ने वालों को एक नंबर का कूपन दिया गया, जिसे प्रसादी के अंत में लक्की ड्रा के माध्यम से 10 लोगों को पुरस्कार वितरित किया गया।



कार्यक्रम में अध्यक्ष पारसमल कुकरा, सचिव संतोष सोलीवाल, कोषाध्यक्ष टीकम कुकरा, संतोष सोनी, दुलीचंद सोनी, गोविंदा सोनी, विजय सोनी, अखराज सोनी, रमेश सोनी और त्रिलोक सोनी क़ी विशेष भूमिका रही। यह जानकारी समाज के अहम सदस्य शशांक सोनी द्वारा दी गई।

एनबीआईएस बोरी के छात्रों का सुयश

राजनांदगांव। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी की पूर्व छात्रा जान्हवी जैन ने अपने प्रथम प्रयास में ही सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर शाला परिवार को गौरवान्वित किया है। जान्हवी शिक्षा सत्र 2024-25 में सीबीएसई द्वारा संचालित बारहवीं बोर्ड परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला का नाम ऊंचा किया था। अपने प्रथम प्रयास में ही सीए की परीक्षा में चयनित होने पर शाला परिवार द्वारा शुभकामनाएं दी गई। इसी प्रकार शाला के अध्ययन कक्षा बारहवीं के छात्र अनुराग सिंह चंदेल ने 30 अगस्त 2026 को दी एसोसिएशन ऑफ मैथोमैटिक्स टीचर्स ऑफ इंडिया द्वारा संचालित 58वीं नेशनल मैथोमैटिक्स टैलेंट कॉन्टेस्ट 2026 में इंटर लेवल पर भाग लेकर टाप 10 प्रतिशत स्कोर हासिल कर अपनी जगह सुनिश्चित किए हैं। गत वर्ष अनुराग सिंह चंदेल द्वारा बनाया साइंस माडल मिथेन टैपिंग सिस्टम को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में शामिल किया गया था। शाला परिवार दोनों छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई देते शुभकामनाएं दी।



काम्बिंग गश्त, असामाजिक तत्वों में मचा हड़कंप

खैरागढ़। असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने पुलिस ने शहर व ग्रामीण इलाकों में रात्रि के समय काम्बिंग गश्त की। इस दौरान संदिग्धों से पूछताछ की गई। वहीं समझाईश व हिदायत भी दी गई। पुलिस अधीक्षक जिला केसीजी के निर्देशानुसार आज खैरागढ़ थाना के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त एवं विजिबल पुलिसिंग की कार्रवाई की गई।



इस दौरान खैरागढ़ के शहरी इलाकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की पैदल गश्त कराई गई। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला केसीजी, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, एसडीओपी खैरागढ़ एवं एसडीओपी गंडई के नेतृत्व में केसीजी पुलिस टीम द्वारा की गई। काम्बिंग गश्त के दौरान क्षेत्र के गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश एवं असामाजिक तत्वों की चेकिंग की गई। अवैध रूप से जुआ-सट्टा खिलाने वाले एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों की चेकिंग कर सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में किसी भी गलत काम में संलिप्त न रहें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस के अनुसार इस प्रकार की विजिबल पुलिसिंग का उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई आम नागरिक, महिला, बच्चे एवं बुजुर्गों में सुरक्षा की भावना पैदा करना है तथा पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता कायम करना, कानून के प्रति जागरूकता पैदा करना सभी को सुरक्षित महसूस कराना है।

कूटरचना कर भूमि की खरीदी बिक्री की शिकायत पर एक्शन

गोदाम को कृषि भूमि बताकर कराई रजिस्ट्री, जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजस्व विभाग के डोंगरगढ़ तहसील क्षेत्र में भूमि की कूटरचना कर उसे कृषि भूमि दर्शाते हुए रजिस्ट्री कराए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में डोंगरगढ़ एसडीएम को शिकायत सौंपकर संबंधित भूमि की रजिस्ट्री निरस्त करने तथा दोषी अधिकारियों एवं खरीदी-बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। इधर कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने इस मामले को गंभीरता से लेते जांच के लिए समिति गठित कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रामनगर हल्का नंबर 00024 राजस्व निरीक्षक मंडल लालबहादुर नगर तहसील डोंगरगढ़ की भूमि के संबंध में आरोप लगाया गया है कि भू-स्वामी इस्माइल अहमद जुल्फिकार पिता सुल्तान अहमद हैदराबाद हाउस राजनांदगांव के नाम दर्ज भूमि को कूटरचना कर कृषि भूमि बताया गया। इसके बाद डोंगरगढ़ निवासी दिव्या अग्रवाल पिता राजेश अग्रवाल के पक्ष में उक्त भूमि की खरीदी-बिक्री का सौदा किया गया। संबंधित भूमि का रकबा करीब 0.3640 हेक्टेयर है तथा खसरा नंबर 66/2 सहित अन्य भूमि को भी कूटरचना के जरिये खरीदी-बिक्री की गई है।



किराये पर चल रहे गोदाम

मौके पर उक्त भूमि का वास्तविक उपयोग कृषि के बजाय व्यावसायिक रूप से किया जा रहा है। यहां बड़े-बड़े गोदामों का निर्माण किया गया है। जिनका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि इन गोदामों को वन विभाग सहित अन्य कार्यों के लिए किराये पर दिए जाने की बात सामने आई है। शिकायतकर्ता बसंत शर्मा का कहना है कि भूमि को कृषि भूमि के रूप में दर्शाकर रजिस्ट्री कराई गई। जिससे शासन को राजस्व की बड़ी क्षति होने की आशंका है।

तीन सदस्यीय समिति गठित

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मामले को गंभीरता से लेते तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। उन्होंने जांच के लिए अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, डोंगरगढ़ एसडीएम अक्षय दोषी तथा डिप्टी कलेक्टर श्रीकांत कोर्राम को तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा जांच समिति गठित किए जाने के बाद से खलबली मची है।

दिए हैं आदेश



गोदाम को कृषि भूमि दिखाकर रजिस्ट्री किए जाने की शिकायत मिली है। मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए है। रिपोर्ट सामने आने के बाद कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- जितेन्द्र यादव, कलेक्टर

दिग्विजय क्लब के निर्माण पर नगर निगम ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- आयुक्त ने क्लब को जारी भवन अनुज्ञा को निलंबित किया

नजूल भूमि पर दिग्विजय क्लब के भवन निर्माण को लेकर नगर पालिक निगम ने सख्ती दिखाई है। निगम आयुक्त ने क्लब को जारी भवन अनुज्ञा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। साथ ही क्लब प्रबंधन को 7 दिन के भीतर कलेक्टर की सहमति और अनापत्ति सहित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामला नजूल शीट क्रमांक 47-ए के भूखंड क्रमांक 4/1 की करीब 4945 वर्गमीटर शासकीय नजूल भूमि से जुड़ा है। दस्तावेजों के अनुसार क्लब की ओर से भवन अनुज्ञा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया था। जिसके आधार पर 28 अप्रैल 2023 को भवन अनुज्ञा जारी की गई थी। शिकायत की जांच में यह बात सामने आई कि भवन अनुज्ञा से संबंधित दस्तावेजों में जिला कलेक्टर कार्यालय की सहमति अथवा अनापत्ति संलग्न नहीं थी। इसके बाद निगम ने निर्माण पर तत्काल रोक लगाते संबंधित पक्ष से स्पष्टीकरण मांगा है।

जवाब नहीं तो अनुज्ञा होगी निरस्त

निगम के आदेश के मुताबिक निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर भवन अनुज्ञा निरस्त करने के साथ किए गए निर्माण को हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। निर्माण हटाने में होने वाला खर्च भी संबंधित पक्ष से भू-राजस्व के बकाये की तरह वसूल किए जाने की बात कही गई है।

खेल रहे मासूम को उठाकर बिजली के तार में पटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव के गली में खेल रहे एक छह वर्षीय बालक को उठाकर बिजली के तार में पटककर घायल करने के मामले को गंभीरता से लेते डोंगरगढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 अक्टूबर को उनका 6 वर्षीय बेटा पड़ोस के बच्चों के साथ गली में खेल रहा था। उसी दौरान आरोपी चेतन कंवर द्वारा अश्लील गाली-गलौज करते हत्या करने की नीयत से प्रार्थी के 6 वर्षीय बेटे को उठाकर सोमिन के घर के पास स्थित बिजली के खंभे के तार (स्टेशन तार) में पटक दिया गया। जिससे बच्चे को गंभीर चोंट आई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा 296, 109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने की कार्रवाई

प्रार्थी के बेटे के साथ घटित घटना को गंभीरता से लेते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी चेतन कंवर पिता लक्ष्मण कंवर 30 वर्ष निवासी ग्राम मेढ़ा की पतासाजी की गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। अपराध स्वीकार करने एवं आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी को 26 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

पुलिस लाइन के वायरल वीडियो पर विधायक ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विजयादशमी के अवसर पर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी स्थित रक्षित केंद्र में आयोजित शस्त्र पूजा से संबंधित वायरल वीडियो को लेकर मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। वीडियो में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के पुत्र के रूप में बताए जा रहे एक व्यक्ति द्वारा हथियार चलाए जाने की बात सामने आ रही है। विधायक ने कहा कि वीडियो की प्रामाणिकता और घटना की वास्तविक परिस्थितियां जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।



मंडावी ने आज पत्रकारवार्ता में बताया कि सोशल मीडिया में वीडियो जिला पुलिस के इंस्टाग्राम अकाउंट से प्रसारित हुआ है। उन्होंने वीडियो के मूल स्रोत, निर्माण की परिस्थितियों और उसकी सत्यता की जांच कराने की मांग की। साथ ही रक्षित केंद्र के पिछले छह माह के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों का परीक्षण करने की बात कही। विधायक ने कहा कि शस्त्र पूजा धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा है, लेकिन पुलिस परिसर में हथियारों के इस्तेमाल के दौरान सुरक्षा मानकों और विभागीय नियमों का पालन जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच में घटना के समय मौजूद अधिकारियों की भूमिका और उन्हें गतिविधि की जानकारी होने या न होने की स्थिति स्पष्ट की जाए। चूंकि मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के परिवार के सदस्य का नाम सामने आ रहा है, इसलिए जांच निष्पक्ष व्यवस्था के तहत कराने की जरूरत है। मंडावी ने कहा कि जांच के निष्कर्ष के आधार पर ही किसी की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित तथा जिला शिक्षा विभाग राजनांदगांव के तत्वावधान में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार से हुआ। 26 से 29 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के पहले दिन 19 वर्ष बालक व बालिका वर्ग में वॉलीबॉल तथा 19 वर्ष बालक वर्ग में क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले खेले गए। स्पर्धा में बस्तर, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और सरगुजा संभाग की टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया।

स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के 19 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर संभाग ने बस्तर को 2-0 से और दुर्ग संभाग ने सरगुजा को 2-0 से सीधे सेटों में शिकस्त दी। इसी तरह 19 वर्ष बालिका वर्ग के मुकाबलों में भी रायपुर ने बस्तर को 2-0 से तथा दुर्ग ने सरगुजा को 2-0 से पराजित कर अगले दौर में अपनी जगह पक्की की।

दूसरी ओर नवागांव मिनी स्टेडियम में खेले गए 19 वर्ष बालक क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच में बस्तर संभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते 159 रन बनाए। बस्तर की ओर से आलोक जाना ने 70 रन और चैतन्य ने 41 रन का योगदान दिया। जबकि दुर्ग की तरफ से प्रिंस यादव ने 3 विकेट झटके। 160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुर्ग की टीम 134 रन पर सिमट गई और बस्तर ने यह मैच 26 रन से जीत लिया। दुर्ग के लिए सारांश सिन्हा ने सर्वाधिक 65 रन बनाए। क्रिकेट के दूसरे मुकाबले में सरगुजा संभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते रिषी के 34 रन की बदौलत 109 रन बनाए। जवाब में बिलासपुर संभाग ने आक्रामक खेल दिखाते महज 9 ओवर में ही 109 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बिलासपुर के लवकेश ने 58 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली और गेंदबाजी में भी 2 विकेट चटकाए। वहीं अजय ने भी 2 विकेट लेकर टीम की आसान जीत में अहम भूमिका निभाई।

26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

पांच संभागों के 330 खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी खेल प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजा फतेह सिंह खेल मैदान में सोमवार को 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ हुआ। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के रायपुर, सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग एवं बस्तर संभाग के लगभग 330 खिलाड़ी तथा 50 खेल अधिकारी शामिल हो रहे हैं।

इस राज्य स्तरीय आयोजन में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी फुटबॉल एवं खो-खो प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा, कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों का उत्साह, स्कूली बच्चों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और खेल के प्रति उत्साहपूर्ण वातावरण आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल सहित जनप्रतिनिधियों, शिक्षा एवं खेल विभाग के अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, परिश्रम और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

खेल भावना की दिलाई शपथ

उद्घाटन समारोह के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने गोल पोस्ट में गोल मारकर फुटबॉल प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की। राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल खिलाड़ी एवं वेसलियन स्कूल, खैरागढ़ की छात्रा वर्णिका सिंह ने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन, निष्पक्षता और नियमों का पालन करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की शपथ दिलाई।



खेल से विकसित होता है नेतृत्व क्षमता

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल गतिविधियां शारीरिक और मानसिक विकास के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सहयोग और आपसी सद्भाव की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में मिलने वाली सफलता और चुनौतियां जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।

किया उत्साहवर्धन

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं। ऐसे आयोजनों से विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक-दूसरे से सीखने, अनुभव साझा करने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, निरंतर प्रयास और सामूहिक जिम्मेदारी का महत्व सिखाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और टीम भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने तथा अपने विद्यालय, संभाग और जिले का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



खबर संक्षेप

ब्राह्मण समाज ने शरद पूर्णिमा उत्साह पूर्वक मनाया

पंडरिया। सर्व ब्राह्मण समाज पंडरिया द्वारा विप्र भवन मे शरद पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। आयोजित कार्यक्रम के तारतम्य मे विप्र भवन मे राजकुमार शर्मा, ब्रिज भूषण शुक्ला, शंकर शर्मा, अमित शर्मा आदि विप्रजनों द्वारा शाम से सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिसमे विप्र समाज के समाजिक जन उपस्थित रहे जिनका रात्रि 8 बजे आरती पूजन के साथ समापन हुआ। मिली जानकारी के अनुसार सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी गईं, जिसमे विप्र समाज के उत्तर कुमार शर्मा, सुरेश तिवारी सहित उनके साथियो ने अपने संगीत के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक बनाया। रात्रि 12 बजे खीर प्रसाद का वितरण उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज पंडरिया के अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा, उपाध्यक्ष श्रवण शर्मा, सचिव धनीराम शर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रियेश शुक्ला, राकेश रमण तिवारी, उमेश तिवारी, दिलीप शर्मा सहित बड़ी संख्या मे विप्रजन उपस्थित थें।



कुण्डा में सुना एवं देखा गया पीएम के मन की बात

कुण्डा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 139 वें संस्करण का सीधा प्रसारण रविवार को रेडियो एवं टीवी के माध्यम से हुआ। भाजपा मण्डल के बूथ क्रमांक 117 एवं 118 में इस कार्यक्रम को कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरेंद्र कश्यप की गरिमामय उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सुना एवं देखा। बूथों पर कार्यकर्ता सुबह से ही एकत्रित होकर प्रधानमंत्री के संदेश को सुनने के लिए उत्साहित दिखे। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरेंद्र कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के 140 करोड़ लोगों से दिल का संवाद है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देश के कोने-कोने में छिपी प्रतिभाओं, किसानों की मेहनत और युवाओं के नवाचार को सामने लाते हैं। मन की बात सुनकर हम सभी को राष्ट्र सेवा और समाज सेवा की नई प्रेरणा मिलती है। हम सभी कार्यकर्ताओं को उनके संदेश को बूथ स्तर तक, घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है और हर कार्यकर्ता को इस अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। इस कार्यक्रम में तुलस कश्यप, कुमार कश्यप नागेश्वर साहू, हरेंद्र यादव, परमानंद कश्यप एवं बूथ कमेटी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थें।



अर्जुन तिवारी ने जनसंपर्क कर लोगों से की मुलाकात

कोलेगांव। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के युवा नेता पंडरिया जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि अर्जुन तिवारी का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। सोमवार को उन्होंने विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान कई स्थानों पर उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होने सामाजिक जिम्मेदारी जनसंपर्क अभियान की शुरुआत ग्राम घोघरा कला से हुई, जहां ओमप्रकाश पटेल के घर आयोजित छठ्ठी कार्यक्रम में अर्जुन तिवारी शामिल हुए। उन्होंने नवजात शिशु को आशीर्वाद दिया और परिवार को शुभकामनाएं दीं। ग्राम खैरझीटी में उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेता सालिक जायसवाल एवं गौतम जायसवाल से सौजन्य मुलाकात की। वहीं ग्राम पाढ़ी में किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पटेल के पिता के निधन पर उनके निवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। ग्राम महली में अपने बाल सखा नेतराम साहू की माताजी के निधन पर भी उन्होंने परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। इसके अलावा अधिवक्ता अवनीश कश्यप के परिवार से मुलाकात की तथा बाबूराम चंद्राकर के निवास पर आयोजित छठ्ठी एवं नामकरण समारोह में शामिल होकर सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का संदेश दिया। अर्जुन तिवारी ने कहा कि पंडरिया उनका परिवार है और परिवार के सुख-दुख में शामिल होना उनका पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए नहीं, संबंधों के लिए राजनीति करता हूं। राजनीति बाद में, रिश्ता पहले। मेरा उद्देश्य पंडरिया के विकास और जनता की सेवा के लिए काम करना है। उनके जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं, विभिन्न आनुषंगिक संगठनों के पदाधिकारियों, सरपंचों, जनपद सदस्यों और ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



आरपीएस में ब्रेन बूस्टिंग व मेमोरी कॉन्टेस्ट का आयोजन

कवर्धा। श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक चिंतन, गणना कौशल एवं स्मरण शक्ति को विकसित करने के उद्देश्य से ब्रेन बूस्टिंग प्रतियोगिता तथा मेमोरी कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। नन्हे विद्यार्थियों के लिए नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी कक्षाओं में मेमोरी कॉन्टेस्ट आयोजित किया गया। वहीं ब्रेन बूस्टिंग प्रतियोगिता को विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर के अनुरूप कक्षा विभाजित किया गया, यह प्रतियोगिता पूर्णतः गणित विषय पर आधारित रही। इसमें विद्यार्थियों ने गणितीय प्रश्नों, संख्यात्मक गणनाओं, तार्किक पहेलियों तथा मानसिक गणना से संबंधित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता के परिणामों में कक्षा 1ली से दूसरी में संस्कृति सदन ने प्रथम, कक्षा 3री से 5वीं वर्ग में संस्कार सदन प्रथम, परम्परा सदन द्वितीय रहा। कक्षा 6 से 8वीं वर्ग में संस्कृति सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि संस्कार सदन द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं कक्षा 9 से12 वर्ग में संस्कार सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा संस्कृति सदन द्वितीय स्थान पर रहा। दोनों वर्गों के विद्यार्थियों ने अपनी गणितीय दक्षता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं सामूहिक प्रयासों का उत्कृष्ट परिचय दिया।

पंडरिया विधानसभा में 5.99 करोड़ की सड़कें मंजूर

- भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने विधायक भावना बोहरा का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पंडरिया विधानसभा को बड़ी सौगात मिली है। डबल इंजन भाजपा सरकार में सड़क सुविधाओं के निरंतर विस्तार के तहत कुल 5 करोड़ 99 लाख 79 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी कड़ी में क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग माकरी से गिरधारी कापा तक 3.70 किलोमीटर सड़क निर्माण कुल लगात राशि 2 करोड़ 57 लाख 91 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है।

छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा के सतत प्रयास पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में दिन दोगुनी रात चौगुनी विकास के पथ अग्रसर है, इस सौगात के लिए क्षेत्रवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री और पंडरिया विधायक भावना बोहरा का आभार जताया। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा के हर गांव तक पक्की सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत माकरी-गिरधारीकापा और माठपुर-भेदागढ़ मार्ग की स्वीकृति उसी विकास यात्रा का हिस्सा है।

उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने मांग को गंभीरता से लेते हुए राशि स्वीकृत की। इन सड़कों के निर्माण से हजारों ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। पंडरिया का विकास ही मेरा संकल्प है।

माकरी-गिरधारी कापा और माठपुर-भेदागढ़ मार्ग का होगा निर्माण कार्य

भाजपा मंडल कुण्डा के सक्रिय कार्यकर्ता सूरज यादव ने कहा कि विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में पंडरिया में विकास की गंगा बह रही है। कुण्डा क्षेत्र की जनता की ओर से हम विधायक का और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। आभार व्यक्त करने वालो में विधायक प्रतिनिधि ओम यदु, बालमुकुंद चंद्रवंशी, राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे, सुरेश दुबे, रामस्वरूप साहू, दिनेश मिश्रा, विकास पाण्डेय, संतोष चद्रवंशी, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, हरेंद्र कश्यप, रामाधार शर्मा, रामकुमार चंद्राकर, हरेकृष्ण शुक्ला, गीता राम साहू, कृष्णा चंद्राकर, अमन खनूजा, गणेश यादव, दिनेश चंद्रवंशी, संतोष ध्रुव, देवेंद्र चंद्रवंशी, भोलाराम चंद्रवंशी, डॉ संतोष साहू, मनोज ठाकुर, समुन्द सेवाराम कुर्रे, अश्वनी यदु, रमन खनूजा ने आभार जताया।

तालपुर में 1.9140 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण और विक्रय के आरोप

शासकीय नाले की जमीन पर अवैध प्लाटिंग का आरोप, रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में शासकीय जमीन, नहरों और नालों पर कथित कब्जे कर अवैध प्लाटिंग एवं जमीन बेचने के मामले सामने आने के बीच ग्राम तालपुर का मामला भी चर्चा में है। यहां शासकीय नाले की जमीन पर कथित रूप से अवैध प्लाटिंग करने और नाले की भूमि का विक्रय किए जाने की शिकायत के बाद भी जांच रिपोर्ट सामने नहीं आने से राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तालपुर में खसरा नंबर 86, रकबा 1.9140 हेक्टेयर की शासकीय भूमि पर स्थित नाले की जमीन को दबाकर अवैध प्लाटिंग किए जाने और भूमि का विक्रय करने की शिकायत की गई है। इस मामले में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी द्वारा शिकायत किए जाने के बाद तहसीलदार कवर्धा ने जांच के लिए सात सदस्यीय टीम गठित की थी। टीम में पांच पटवारी और दो राजस्व निरीक्षकों को शामिल किया गया है।

शिकायत के बाद जांच टीम गठित कर जल्द प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की बात कही गई थी, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट सामने नहीं आने से जांच की समय-सीमा और कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। शासकीय नाले और जल निकासी की भूमि पर यदि अवैध कब्जा या जमीन का विक्रय हुआ है, तो इसकी निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

ऐसे मामलों में देरी से आम लोगों के बीच संदेह पैदा होता है और शासकीय भूमि की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती है। अब सवाल यह है कि सात सदस्यीय जांच टीम ने अब तक स्थल निरीक्षण और दस्तावेजों की जांच पूरी की है या नहीं जांच प्रतिवेदन तैयार होने में देरी क्यों हो रही है शासकीय जमीन जनता की संपत्ति है, किसी की निजी कमाई का साधन नहीं। प्रशासन को चाहिए कि तालपुर के इस मामले में जांच की स्थिति स्पष्ट करे, प्रतिवेदन सार्वजनिक करे और अनियमितता प्रमाणित होने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करे।

अवैध प्लाटिंग कर दर्जनों खसरों में काटे गए प्लॉट



शासकीय नाले की भूमि और जल निकासी के मार्ग पर अतिक्रमण की आशंका, जांच और कार्रवाई पर सवाल उठ रहे है। ग्राम तालपुर में नाले से लगी जमीनों पर खसरा क्रमांक 82/201, 82/178, 95, 96/1, 96/11, 96/3, 92/11 और 80/1 सहित दर्जनों खसरों में प्लॉट काटे जाने की जानकारी सामने आने के बाद भूमि के सीमांकन, प्लाटिंग की वैधता और नाले की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में प्रमुख चिंता यह है कि कहीं प्लाटिंग के दौरान शासकीय नाले की भूमि अथवा प्राकृतिक जल निकासी के मार्ग को प्रभावित तो नहीं किया गया है। यदि ऐसा हुआ है, तो इससे भविष्य में जल निकासी बाधित होने और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इन खसरों में की गई प्लाटिंग की वैधानिक स्थिति स्पष्ट करने के लिए संबंधित भूमि का सीमांकन, राजस्व अभिलेखों का सत्यापन और प्लाटिंग के लिए आवश्यक अनुमतियों की जांच जरूरी है। साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि नाले की वास्तविक सीमा निर्धारित कर उसे सुरक्षित रखने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

जलभराव से आवागमन प्रभावित, 6 एकड़ नाले का पता नहीं

ग्राम तालपुर में नाले की भूमि और जल निकासी व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बारिश के दौरान रायपुर से बिलासपुर-जबलपुर जाने वाले राष्ट्रीय मार्ग पर पेट्रोल पंप से ट्रैक्टर शोरूम तक पानी जमा हो जाता है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। लगातार जलभराव के कारण सड़क क्षतिग्रस्त होने की समस्या भी सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, खसरा क्रमांक 86 में 4 एकड़ 75 डिसमिल तथा खसरा क्रमांक 78 में 1 एकड़ 20 डिसमिल नाले की भूमि दर्ज होने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद नाले की वर्तमान स्थिति, उसकी मूल चौड़ाई और जल निकासी के लिए उपलब्ध रास्ते को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह जांच का विषय है कि नाला संकरा होने के पीछे क्या कारण हैं और क्या नाले की भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण हुआ है। यदि प्राकृतिक जल निकासी का मार्ग बाधित हुआ है, तो इसका असर आसपास की कॉलोनियों और राष्ट्रीय मार्ग पर पड़ना स्वाभाविक है। अब राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग है कि खसरा क्रमांक 86 और 78 का सीमांकन कर नाले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। साथ ही, जलभराव के कारणों की जांच कराकर जल निकासी व्यवस्था बहाल करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि बारिश के दौरान लोगों को होने वाली परेशानी से राहत मिल सके।

31 अक्टूबर को सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर होगा बड़ा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं भव्य जयंती समारोह का आयोजन 31 अक्टूबर शनिवार को समय सुबह 11.00 बजे सरदार पटेल चौक ग्राम भगतपुर में किया जाएगा। जयंती समारोह कार्यक्रम में प्रदेश भर से सामाजिक बंधु शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति द्वारा रूप रेखा तैयार की जा रही है। इस जयंती समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री, अतिविशिष्ट अतिथि संतोष पांडेय सांसद, श्रीमती भावना बोहरा विधायक, ललित चन्द्राकर विधायक, दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष पि.व.आ. अध्यक्षता, लालजी चन्द्रवंशी अध्यक्ष जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज विशिष्ट अतिथि, सुरेश चन्द्रवंशी, बैजनाथ चन्द्राकर, मोतीराम चन्द्रवंशी, श्रीमती ममता चन्द्राकर, नंदलाल चन्द्राकर, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, कैलाश चन्द्रवंशी, चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, श्रीमती अन्नपूर्णा चन्द्राकर, बद्रीप्रसाद वर्मा, दिनेश चन्द्रवंशी, श्रीमती सुषमा चन्द्रवंशी, मनहरणलाल चन्द्राकर, अयोध्या चन्द्राकर, विरेन्द्र चंद्राकर, सतीश चन्द्रवंशी, भगवती वर्मा, शिवकुमार वर्मा, तुलस कश्यप, हेमंत सिंगरौल, रामकुमार गवेल, पवन चन्देल, श्रीमती इन्द्राणी चन्द्रवंशी एवं श्रीमती ज्योति चन्द्राकर सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगें। कार्यक्रम में लोककला मंच एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीमती अल्का चन्द्राकर की विशेष प्रस्तुति प्रातः 11 बजे से होगी।

शौचालय जर्जर, स्कूली बच्चे परेशान नवनिर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम जेवडन खुर्द के शासकीय मिडिल स्कूल में लगभग 101 से अधिक छात्र छात्राएं जहां के शौ चा ल य अत्यंत जर्जर एवं बदहाल होकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। जिनके कारण बच्चों को लाभ नहीं मिल रहा है तथा स्कूली बच्चों को खुले में शौच जाना पड़ रहा है, जो उनकी मजबूरी है। जिसके कारण बच्चे परेशान हैं। यदि शौचालय का तत्काल नवनिर्माण कराया जाए तो स्कूली बच्चों को राहत मिल सकती है। शौचालय के अभाव के कारण बच्चे खुली में शौच जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि शौ चा ल य अत्यंत जर्जर हो चुके हैं, क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, टूट-फूट हो गए हैं, द र वा जे - खिड़की नहीं हैं, जिनके कारण बच्चे परेशान हैं। यदि शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान देकर शौचालय की नवनिर्माण करा दिया जाए तो स्कूली बच्चों को राहत मिल सकती है। एक तो खुले में शौच जाना सख्त मना है, क्योंकि गांव शौच मुक्त हो चुके हैं।



सत्संग से जागृत होता है विवेक, दूर होता है मोह-माया का बंधन दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती

- श्रीराम कथा में बताया सत्संग का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव में साहू परिवार द्वारा आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में आशीर्वाजन देने के लिए सलधा स्थित साढ़े लाखेश्वर धाम से दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती का आगमन हुआ। इस अवसर पर श्रीराम कथा का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी ने सत्संग की महिमा बताते हुए कहा कि सत्संग से मनुष्य के भीतर विवेक जागृत होता है और उसे सही-गलत की पहचान होती है।



स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने कहा कि सत्संग सहज ही प्राप्त नहीं होता, इसके लिए प्रभु श्रीराम की विशेष कृपा आवश्यक है। सत्संग का प्रभाव ऐसा होता है कि मूर्ख और दुष्ट प्रवृत्ति के व्यक्ति भी अच्छे आचरण की ओर अग्रसर हो सकते हैं। जिस प्रकार पारस पत्थर के स्पर्श से साधारण धातु सोने में परिवर्तित हो जाती है, उसी प्रकार सत्संग मनुष्य के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है। उन्होंने कहा कि भक्ति स्वतंत्र है और समस्त सुखों की खान है, लेकिन सत्संग के बिना भक्ति की प्राप्ति कठिन है।

सत्संग मनुष्य को मोह-माया के बंधन से मुक्त होने और जीवन में सही मार्ग चुनने की प्रेरणा देता है। इससे व्यक्ति के विचारों में शुद्धता आती है और आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है। सलधा में निर्माणाधीन शिवलिंग मंदिर की दी जानकारी प्रवचन के दौरान स्वामी ने सलधा में निर्माणाधीन सवा लाख शिवलिंग मंदिर के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने धार्मिक आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक साधना के महत्व पर प्रकाश डाला। जन्मोत्सव में शामिल हुए श्रद्धालुग्राम कोलेगांव में राजकुमार और गायत्री साहू के पुत्र के छठ्ठी जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीराम कथा का आयोजन किया गया।

वहीं स्वामी के आगमन से साहू परिवार सहित ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों में उत्साह रहा। कार्यक्रम में दुल्लापुर से प्रशांत शर्मा, कवर्धा से आनंद उपाध्याय, रूसे से रवि शास्त्री, बोड़ला से मेघानंद शास्त्री, पवन शर्मा, संजू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन और क्षेत्रवासी उपस्थित थें।

स्वच्छता, पौधरोपण व बौद्धिक परिचर्चा में 70 स्वयंसेवकों ने दिखाया उत्साह

एक दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

महंत श्री रामजानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में एक दिवसीय विशेष शिविर का गरिमामय आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के लगभग 70 स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और सेवा भावना के साथ भाग लिया। शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण, परिसर स्वच्छता, वैचारिक विकास और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास ने कहा कि आज का पौधरोपण कल का स्वच्छ वातावरण है। वहीं एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी बृजभूषण वर्मा अपने उद्बोधन में एनएसएस के मूलमंत्र नॉट मी, बट यू के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिविर के समापन सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने दिनभर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और सभी 70 स्वयंसेवकों के अनुशासित और सहयोगात्मक रवैये की सराहना की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सीआर साहू, डॉ ममता दुबे, श्रीमती लीना झारिया, डॉ दिनेश टंडन, श्रीमती आराधना सेन, सत्यम कुमार, दान दिवाकर, सीपी सोनी, शिवशंकर लहरे, श्रीमती नंदनी टंडन, श्रीमती आराधना देवांगन, विकास झारिया एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

शिविर में पौधरोपण अभियान चलाया

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्वयंसेवकों और प्राध्यापकों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न छायादार ,फलदार और औषधीय पौधे रोपे साथ ही विद्यार्थियों ने इन पौधों की नियमित देखभाल और सिंचाई करने की जिम्मेदारी भी ली। साथ ही साथ अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने टोलियां बनाकर कॉलेज परिसर, खेल के मैदान और आसपास के क्षेत्रों में सघन सफाई अभियान चलाया। परिसर से सिंगल-यूज प्लास्टिक और कचरे का निपटारा कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।



चेतावनी: मांगे पूरी नहीं होने पर गृह मंत्री के आवास-कार्यालय का करेंगे घेराव

आरक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के समर्थन में उतरी भीम आर्मी, निकाली विशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती 2023-24 के रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर पिछले करीब 70 दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे अभ्यर्थियों के आंदोलन को अब भीम आर्मी भारत एकता मिशन का समर्थन मिल गया है।

लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे युवाओं को न्याय दिलाने के लिए संगठन ने 26 अक्टूबर 2026 को कवर्धा के राजमहल चौक पर जुटने और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के आवास अथवा कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया है। भीम आर्मी ने अभ्यर्थियों के पक्ष में चार सूत्रीय मांगें उठाते हुए आंदोलन को प्रदेश स्तर पर व्यापक रूप देने की बात कही है। पुलिस आरक्षक भर्ती 2023-24 के तहत कुल 5,967 पदों पर भर्ती प्रक्रिया हुई थी।

अभ्यर्थियों का कहना है कि इसके बाद भी करीब 1,600 पद खाली रह गए हैं। इन पदों को भरने की मांग को लेकर युवा अगस्त 2026 से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि दूसरी चयन सूची अथवा प्रतीक्षा सूची जारी कर रिक्त पदों पर पात्र अभ्यर्थियों को तत्काल नियुक्ति का अवसर दिया जाए। लंबे समय से आंदोलन जारी रहने के बावजूद समाधान नहीं मिलने से अभ्यर्थियों में नाराजगी बनी हुई है।



चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन का ऐलान

भीम आर्मी ने अभ्यर्थियों के समर्थन में चार प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें पहली मांग करीब 1,600 रिक्त पदों को दूसरी चयन सूची या प्रतीक्षा सूची जारी कर भरने की है। दूसरी मांग आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर वापस लेने की है। तीसरी मांग है कि अन्य चयन सूचियों में पहले से चयनित अभ्यर्थियों के नाम दोबारा शामिल नहीं किए जाएं, ताकि दूसरे पात्र युवाओं को अवसर मिल सके। वहीं चौथी मांग चयनित उम्मीदवारों के जॉइनिंग स्थानों की स्पष्ट और पारदर्शी सूची सार्वजनिक करने की है।

अब तक कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं मिला

रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर अभ्यर्थी कई तरीकों से अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने मुंडन कराने, नगाड़ा बजाने और गृह मंत्री कार्यालय के सामने रातें गुजारने जैसे कदम उठाकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। इस दौरान गृह मंत्री विजय शर्मा ने भी आंदोलनरत अभ्यर्थियों से मुलाकात कर उन्हें समझाने का प्रयास किया था। हालांकि, अभ्यर्थियों का कहना है कि अब तक उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला है और न ही उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय लिया गया है।

लम्बे समय से चल रहा आंदोलन

भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सरकार आंदोलनरत युवाओं को अकेला समझकर उन पर दबाव बनाने या पुलिस के जरिए डराने-धमकाने का प्रयास न करे। संगठन का कहना है कि वह अभ्यर्थियों के साथ खड़ा है और उन्हें उनका हक दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखेगा। अब 26 अक्टूबर को प्रस्तावित आंदोलन के जरिए सरकार तक अपनी मांगें पहुंचाने की तैयारी है। ऐसे में देखना होगा कि लंबे समय से जारी पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों के आंदोलन पर सरकार क्या रुख अपनाती है और रिक्त पदों को लेकर कोई ठोस निर्णय सामने आता है या नहीं।

भीम आर्मी को रोकने बड़ी संख्या में तैनात किया गया पुलिस बल

आंदोलनरत पुलिस अभ्यर्थियों की मांगों के समर्थन में उतरी भीम आर्मी के इस आंदोलन और गृहमंत्री के आवास कार्यालय घेराव को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई। प्रस्तावित रैली के मार्ग में बकायदा बैरिकेट लगाया गया और मौके पर भारी सुरक्षाबल तैनात किया गया। हालांकि आंदोलन के पहले दिन भीम आर्मी ने गृहमंत्री के आवास कार्यालय के घरोव को लेकर कोई जोर जबरदस्ती नहीं की लेकिन चेतावनी दी है कि जल्द ही मांगों का सामाधान नहीं हुआ तो बैरिकेट भी लांघेंगे।

प्रदेश की राजधानी रायपुर में अन्नदाता गर्जना रैली आज



■ कबीरधाम से हजारों किसानों के शामिल होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अपनी लंबित मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने एक बार फिर आंदोलन का ऐलान किया है। 27 अक्टूबर को प्रदेश की राजधानी रायपुर में अन्नदाता गर्जना रैली आयोजित की जाएगी।

इसमें कबीरधाम जिले सहित प्रदेशभर के हजारों किसानों के शामिल होने की संभावना है। रैली के माध्यम से किसान अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करेंगे तथा महानदी भवन का घेराव करेंगे।

गौरतलब है कि हाल ही में भारतीय किसान संघ के बैनर तले जिलेभर के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा में ट्रैक्टर रैली निकालकर चक्काजाम किया था। इसके बावजूद मांगों के निराकरण को लेकर अब संघ ने प्रदेश स्तर पर आंदोलन तेज करने की तैयारी की है। जिले में भी रैली में शामिल होने के लिए किसानों के बीच संपर्क और तैयारियां की जा रही हैं।

बकाया 1700 करोड़ के भुगतान की मांग

भारतीय किसान संघ की प्रमुख मांगों में वर्ष 2022-23 की धान खरीदी से संबंधित बकाया 1700 करोड़ रुपये का भुगतान, धान का खरीदी मूल्य बढ़ाकर 3358 रुपये प्रति क्विंटल करने तथा धान खरीदी की अवधि 15 नवंबर से 15 फरवरी तक निर्धारित करने की मांग शामिल है। संघ का कहना है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य और समय पर भुगतान मिलना चाहिए, ताकि खेती-किसानी से जुड़ी आर्थिक परेशानियों को कम किया जा सके।

शासन के समक्ष रखी दस सूत्रीय मांगे

संघ ने बाढ़ से प्रभावित किसानों की फसलों के नुकसान का उचित मुआवजा देने तथा धान खरीदी की टोकन व्यवस्था में सुधार करने की मांग भी उठाई है। किसानों का कहना है कि खरीदी प्रक्रिया में व्यावहारिक समस्याओं का समाधान किया जाना जरूरी है, जिससे किसानों को उपज बेचने के दौरान अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके अलावा अधूरी सिंचाई परियोजनाओं को जल्द पूरा करने और किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई है। संघ ने खाद की निर्धारित दरों से अधिक कीमत पर बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी रखी है, ताकि किसानों को उचित दर पर उर्वरक मिल सके।

खबर संक्षेप

गोछिया में कराया गया मुरूमीकरण कार्य

कवर्धा। कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत गोछिया के वार्ड क्रमांक 01 में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत जनपद स्तर से मुरमीकरण कार्य के लिए 1 लाख 75 हजार 700 रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। ग्राम पंचायत गोछिया द्वारा स्वीकृत मुरमीकरण कार्य को प्रस्तावित स्थल पर कराया गया है। संबंधित अधिकारी द्वारा उक्त कार्य का स्थल निरीक्षण एवं सत्यापन किया गया, जिसमें मुरमीकरण कार्य निर्धारित कार्यस्थल पर होना पाया गया।

सड़क नवीनीकरण के लिए 3.61 करोड़ स्वीकृत

कवर्धा। पंडरिया विधानसभा के वनांचल ग्राम कुई तक आवागमन सुगम बनाने के लिए देवसरा से कुई तक 7.40 किलोमीटर सड़क के नवीनीकरण कार्य हेतु मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 3 करोड़ 61 लाख 42 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है। इस स्वीकृति पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी गई है। सड़क नवीनीकरण से वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित होने की उम्मीद है। बेहतर सड़क सुविधा से किसानों को कृषि उपज के परिवहन, ग्रामीणों को आवागमन तथा स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की भी संभावना है।

जिले के 870 मतदान केंद्रों में चलेगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान

जिले के युवा जुड़वा सकेंगे मतदाता सूची में नाम



■ मतदाता सूची का 4 जनवरी 2027 को अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती तुलिका प्रजापति ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली।

बैठक में मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, त्रुटियों में सुधार करने तथा मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपित करने के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने बताया कि अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके या पूर्ण करने वाले पात्र युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए निर्धारित प्रारूप-6 भरकर संबंधित मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), अभिहित अधिकारी अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा ऑनलाइन पोर्टल अथवा ईसीआईनेट मोबाइल ऐप के माध्यम से भी आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सागर सिंह राज सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

12 नवंबर को होगा प्रारंभिक प्रकाशन

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी 870 मतदान केंद्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरी की जाएगी। इसके तहत मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण 2 नवंबर 2026 तक किया जाएगा। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवंबर को होगा। इसके बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।

नाम, पता व विवरणों की करें जांच

बैठक में मतदाताओं से अपील की गई कि वे पुनरीक्षण अवधि के दौरान मतदाता सूची में अपना नाम, पता, उम्र, लिंग एवं संबंध से संबंधित विवरणों की जांच अवश्य करें। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुधार कराएं। निर्वाचन क्षेत्र से स्थानांतरित हो चुके अथवा मृत मतदाताओं के नाम नियमानुसार विलोपित कराने के लिए भी सहयोग करें। मतदाता सूची में नया नाम जुड़वाने के लिए प्रारूप-6, नाम विलोपन के लिए प्रारूप-7 तथा पहले से दर्ज नाम में संशोधन, पते के स्थानांतरण और डुप्लीकेट मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने के लिए प्रारूप-8 का उपयोग किया जाएगा। मतदाता परिचय पत्र गुम होने या खराब होने की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के तहत डुप्लीकेट कार्ड के लिए आवेदन किया जा सकता है।

महाराष्ट्र वन विभाग के नागपुर वनमंडल के अध्ययन दल ने शहद प्रसंस्करण केंद्र बोड़ला का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

जिला यूनियन कवर्धा द्वारा संचालित शहद प्रसंस्करण केन्द्र, बोड़ला में गत दिनों महाराष्ट्र वन विभाग के नागपुर वनमंडल के आठ सदस्यीय अध्ययन दल ने भ्रमण किया।

दल ने शहद संग्रहण, प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग और विपणन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिला यूनियन कवर्धा के उप प्रबंध संचालक दीपक पटेल ने दल का स्वागत किया। केंद्र के मैनेजर कुलदीप पटेल ने शहद के संग्रहण से लेकर प्रसंस्करण, भंडारण, पैकेजिंग और विपणन तक की जानकारी दी। भ्रमण का उद्देश्य लघु वनोपज आधारित आजीविका, मूल्य संवर्धन और सामुदायिक उद्यमों के विकास के लिए अपनाई जा रही व्यवस्थाओं का अध्ययन करना था। दल ने शहद प्रसंस्करण एवं विपणन व्यवस्था में विशेष रुचि दिखाई और स्थानीय वनोपज संग्राहकों के लिए रोजगार व आय की संभावनाओं की जानकारी ली।



अध्ययन दल ने शहद प्रसंस्करण केंद्र की कार्यप्रणाली को उपयोगी बताया। ऐसे भ्रमणों से विभिन्न राज्यों के वन विभागों के बीच अनुभव और बेहतर कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान होता है, जिससे लघु वनोपज आधारित आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर गोविंदा लुचे, उप वनमंडलाधिकारी, नागपुर वनमंडल एवं आठ सदस्यीय अध्ययन दल, दीपक पटेल, उप प्रबंध संचालक, जिला यूनियन कवर्धा, कुलदीप पटेल, मैनेजर, वनधन विकास केन्द्र, कवर्धा, समूह के सदस्य एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान...

कवर्धा। जिला मुख्यालय कवर्धा में सोमवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में भीषण आग लग गई। इस घटना में स्कूटी चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में राधा कृष्ण मंदिर के पास की है। बताया जा रहा है कि चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि स्कूटी में आग कितनी भीषण है। स्कूटी धू-धूकर जल रही है और धुएं का काला गुबार निकल रहा है।



पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के 31 प्रतिभागियों ने लिया कार्यक्रम में भाग

लब्दा में कोदो प्रसंस्करण गतिविधि का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

शिखर युवा मंच एवं सीएमएस फाउंडेशन के सहयोग से कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम लब्दा में मां सरस्वती स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित कोदो प्रसंस्करण गतिविधि का अवलोकन करने के लिए निर्माण संस्था, जिला मण्डला मध्यप्रदेश के प्रतिनिधियों एवं समूह के महिलाओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया।

इसमें कुल 31 प्रतिभागी शामिल थे जिसमें 25 महिलाएं एवं 6 पुरुषों ने भाग लिया। भ्रमण के दौरान मां सरस्वती समूह की महिलाओं ने कोदो की खरीदी, साफ-सफाई, दराई, पैकेजिंग एवं विपणन की प्रक्रिया के साथ लागत, बिक्री, लाभ और दस्तावेज संधारण की जानकारी साझा की। प्रतिभागियों ने कोदो की दराई प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास भी किया तथा समूह के अनुभवों को समझा। इस अवसर पर समूह से 20 किलोग्राम कोदो का क्रय भी किया गया, जिससे स्थानीय उत्पाद की बिक्री को प्रोत्साहन मिला। यह शैक्षणिक भ्रमण महिला समूहों की आजीविका को मजबूत करने तथा मोटे अनाज आधारित गतिविधियों के अनुभवों के आदान-प्रदान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।



बताया गया कार्यक्रम का उद्देश्य

शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने कहा कि मां सरस्वती स्वयं सहायता समूह, ग्राम लब्दा की महिलाओं को कोदो प्रसंस्करण एवं विपणन गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य महिलाओं की क्षमता को विकसित करना, उनके उत्पादों के विपणन के अवसर बढ़ाना तथा उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में शिखर युवा मंच की ओर से अयोध्या जायसवाल, संतोष साकत, विष्णु मेरावी, श्रीमती कमलेसिन मस्कोले एवं श्रीमती नंदनी मरकाम उपस्थित रहे।

स्वर संगम सीजन-1 सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

गोल्डन वॉइस इवेंट्स के तत्वावधान में आयोजित जिले का सबसे बड़ा करओके उत्सव 'स्वर संगम सीजन-1' वीर सावरकर सभागार में भव्यता के साथ संपन्न हुआ।



सुबह 11 बजे से देर रात तक चले इस आयोजन में कवर्धा सहित लोरमी, पंडरिया, तखतपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव और दुर्ग से पहुंचे 40 से अधिक गायन प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में नन्ही अद्विका रावत ने 'मनवा लागे', प्रसिद्धि नामदेव ने गुजराती गीत और आस्था तिवारी ने शास्त्रीय गीत प्रस्तुत किया। वहीं हमीदुल्ला खान ने 'बीते हुए लम्हों की कसक', विकास ठाकुर ने 'एक अजनबी हसीना से', इंद्रजीत छाबड़ा ने 'मेरी उमर के नौजवानों', डॉ. शैलेन्द्र प्रधान ने 'रंग और नूर की बारात' तथा विकेश यादव ने 'रुके-रुके से कदम' जैसे गीतों से समां बांधा।

पहली बार मंच पर प्रस्तुति देने वाले देवेंद्र सिंह राजपूत ने 'जुबां पे दर्द भरी दास्तां' सुनाकर खूब सराहना बटोरी। महिला गायिकाओं में रीना सोनवानी, अनिता रावत, ज्योति ठाकुर, रंजना झा, उमा ठाकुर, गायत्री चंद्रवंशी, सती मरकाम, तरुणा नामदेव, नीतू भट्ट और ललिता मेरावी ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। युवा एवं अन्य कलाकारों ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं।

स्वरांजली परिवार पंडरिया की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश तिवारी ने सभी कलाकारों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। पूरे आयोजन का संचालन होस्ट एवं एंकर रमेश रावत ने किया। संगीत और गायकी से सजे इस उत्सव ने स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया।